RNI No.-MPHIN/2001/14172

# जाग उठा हमारा आजाद हिन्दुस्तान

AZAD हिन्दुस्तान LIVE

सच के साथ.....

वर्ष-22 अंक-38 इन्दौर/खरगोन/बड़वाह 13 सितम्बर से 17 सितम्बर 2022 सम्पादक : नवरत्नमल जैन Email.azadindore@gmail.com पेज-4 वार्षिक मूल्य- 150 रु.

**15 सितम्बर तक चालू हो सकता है मोरटक्कापुल**



# कोरोना वैक्सीन लगाने के 15 दिन बाद से लकवाग्रस्त निमाड़ की एक मासूम बेटी की दर्दभरी पुकार...





# शिवराज मामाजी! मुझे बचा लो, मेरी मदद करो... मैं फिर से अपने पैरों से चलना चाहती हूं, स्कूल जाना चाहती हूं

## क्या 5 माह से लकवाग्रस्त 14 वर्षीय इस बेटी अंजली की पुकार सुनेगी बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाली प्रदेश सरकार

बड़वाह ■ नवरत्नमल जैन

यह दर्दभरी पुकार है खरगोन जिले के महेश्वर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मुखत्यारा निवासी 14 वर्षीय बेटी अंजली पिता कमलेश खेड़ेकर की... जिसने 31 मार्च 2022 को प्रदेश सरकार द्वारा चलाए गए कोरोना टीका अभियान के अन्तर्गत अपनी शासकीय स्कूल में कोविड वैक्सीन की पहली डोज लगवाई। माता-पिता व परिवार वाले खुश थे कि अब हमारी बच्ची कोरोना से सुरक्षित है। टीका लगाने के बाद बुखार भी आया, लेकिन इसे साधारण बुखार मानकर घर वाले बुखार की दवाई देते रहे, लेकिन अंजली एवं परिवार पर दुःखों का पहाड़ उस समय टूट पड़ा, जब वैक्सीन लगाने के 15 दिन बाद ही अंजली के कमर के नीचे का पूरा हिस्सा अचानक लकवाग्रस्त होगया।

डेढ़ माह इन्दौर के एम.वाय. हॉस्पीटल में ईलाज करवाने के बाद भी अंजली को कोई फायदा नहीं हुआ। अभी भी वह अपने घर मुख्यत्यारा में ही लकवाग्रस्त होकर जिदंगी की सबसे बड़ी लड़ाई लड़ रही है। 5 महीने से लेटे रहने के कारण कमर के नीचले हिस्सों में बड़े-बड़े घाव हो गये हैं।

हर सात दिन में पेशाब की नली चेंज करवाने बलवाड़ा ले जाना पड़ता है। अंजली, चार बेटियों तथा एक छोटे बेटे सहित 8 लोगों का परिवार चलाने वाले उसके मजदूर पिता कमलेश खेड़ेकर यथाशक्ति अपनी लाडली का ईलाज करवा रहे हैं, लेकिन सरकार, प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, सांसद एवं विधायक किसी ने भी आकर इस बेटी एवं परिवार को सहायता तो दूर, दो मीठे बोल भी अभी तक नहीं बोले। अब आजाद हिन्दुस्तान की आवाज एवं बड़वाह जनपद उपाध्यक्ष श्री विरेन्द्र माले का साथ मिलने के बाद इस बेटी एवं परिवार ने सहायता के लिये पहले विधायक सुश्री विजय लक्ष्मी साधौ, सांसद गजेन्द्र पटेल, पूर्व सांसद श्री कृष्णमुरारी मोघे तथा मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान से गुहार लगाई है।



### सांसद, विधायक, शासन, प्रशासन ने नहीं ली इस बेटी की खैर-खबर...





चुनाव आने पर भाजपा एवं कांग्रेस दोनों ही दलों के नेता अपने क्षेत्र की भलाई एवं क्षेत्रवासियों के सुख-दुःख में खड़े होने के बड़े-बड़े वादे तो बहुत करते हैं, लेकिन चुनाव जीतने के बाद उन्हें अपने ही चुनावी क्षेत्र के लोगों की परवाह तक नहीं रहती। अपनी जिदंगी की सबसे बड़ी लड़ाई लड़ रही मुख्यत्यारा की इस बेटी अंजली के पिता श्री कमलेश खेड़ेकर ने क्षेत्र के सांसद श्री गजेन्द्र पटेल एवं विधायक सुश्री विजय लक्ष्मी साधौ से मदद एवं बच्ची के ईलाज करवाने की गुहार लगाई, लेकिन अभी तक मदद तो दूर, किसी ने इस लाडली से मीठे बोल तक बोलना इन्होंने गंवारा नहीं समझा। जब जनपद उपाध्यक्ष श्री विरेन्द्र माले के बुलावे पर आजाद हिन्दुस्तान की टीम मुख्यत्यारा पहुंची तो हमने भी सांसद श्री गजेन्द्र पटेल व विधायक सुश्री साधौ से इस लाड़ली की दर्दनाक स्थिति से अवगत करवाया, लेकिन अभी तक किसी ने कोई खैर-खबर तक नहीं ली। क्या जनप्रतिनिधियों के लिये क्षेत्र के लोग केवल वोट देकर कुर्सी तक पहुंचाने के लिये ही सीमित हैं? यदि एक 14 वर्षीय बेटी की इस हालत पर भी इनका दिल नहीं पसीजे तो फिर इसे इनकी संवेदनहीनता एवं निष्ठुरता की पराकाष्टा ही कहा जा सकता है। आश्चर्य तो इस बात का है कि जहां कई विधायक एवं सांसद अपने चहेते लोगो को स्वेच्छा अनुदान के नाम पर लाखों रुपये की बंदरबाट करते नजर आते हैं, वहां इस जरूरतमंद बेटी की ओर मदद तो दूर सांत्वना के दो मीठे बोल भी बोलने की क्यों फुरसत नहीं मिल पाती।

### बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ का नारा बुलंद करने वाली सरकार के कानों तक पहुंचा बेटी का दर्द



**पूर्व सांसद श्री कृष्णमुरारी मोघे तथा मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान से लगाई अब मदद की गुहार...**

बेटी बचाओ एवं बेटी पढ़ाओ का नारा बुलंद करने वाली शिवराज सरकार के सांसद श्री गजेन्द्र पटेल एवं महिलाओं और बेटियों की आवाज उठाने की बात करने वाली कांग्रेस विधायक सुश्री विजयलक्ष्मी साधौ से निराशा मिलने के बाद आजाद हिन्दुस्तान एवं जनपद उपाध्यक्ष श्री माले द्वारा मोरटक्का के किसान सम्मेलन में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान से मिलकर इस लाडली की आवाज पहुंचाई। साथ ही क्षेत्र के क्रियाशील पूर्व सांसद श्रीकृष्णमुरारी मोघे को भी इस बालिका की हालात के बारे में पूरी जानकारी दी गई। अब श्री मोघे ने भी मुख्यमंत्री तक बेटी अंजली की आवाज और उसकी दर्द भरी कहानी को पहुंचा दिया है। अब देखना होगा कि मामा शिवराज अपनी इस १४ वर्षीय लकवाग्रस्त भांजी की पुकार सुनकर उस पर अपना प्यार उढ़ेल पाते हैं या नहीं?

### मैं चाहता हूं मेरी बेटी अपने पैरों पर फिर से चलना प्रारंभ करदे : श्री कमलेश खेड़ेकर

अंजली के पिता पिता कमलेश खेड़ेकर, जो दिहाडी मजदूर हैं और 8 लोगों के परिवार को पालते हैं, साथ ही बेटी अंजली का ईलाज भी यथाशक्ति करवा रहे हैं। उनका कहना है कि कोरोना वैक्सीन लगाने के बाद मेरी बेटी की यह हालत हा गई। आज मेरी बेटी 5 माह से लकवाग्रस्त होकर बिस्तर पर है, लेकिन किसी भी विधायक, सांसद, शासन, प्रशासन या सरकार ने हमारी खैर-खबर तक नहीं ली। मैं यही चाहता हूं कि मेरी बेटी पहले की तरह फिर से चले, स्कूल जाये और दूसरे बच्चें की तरह खेले।

उन्होंने कहा कि मदद तो दूर, मुझे मेरी बेटी को पेशाब की नली बदलवाने बलवाड़ा, ले जाना पड़ता है, सरकारी डॉक्टर या नर्स यहां आकर उसे बदल दें, इतना सहयोग भी नहीं मिल रहा। मैं तो मेरी शक्ति के अनुसार मेरी बेटी का ईलाज करवाने में कोई कसर नहीं छोडूंगा।

दु:ख इस बात का है कि डॉक्टर यह तो कहते हैं कि कोरोना के टीके से ऐसा नहीं होता, लेकिन यह कोई बताने को तैयार नहीं कि कोरोना के टीके से नहीं तो आखिर यह कैसे और क्यों हुआ और उसका ईलाज क्या है। मैं बस मेरी लाडली अंजली को खेलते, स्कूल जाते और अपने पैरों से चलता देखना चाहता हूं।



### मामाश्री शिवराज सिंह चौहान के नाम भांजी अंजली की पुकार

**शिवराज मामाजी मेरी मदद करो। 31 मार्च को मुझे वैक्सीन लगी थी, उसके 15 दिन बाद मुझे लकवा हो गया और मैं बेड पर पड़ी हूं। मेरे पापा मजदूरी पर भी नहीं जा पा रहे हैं, मेरे चार भाई-बहन हैं, हमारी स्थिति बहुत खराब हैं। मैं पढ़ना चाह रही हूं, लिखना चाह रही हूं, पहले जैसे घूमना चाहती हूं। मामाजी, हमारी मदद करो। मुझे देखने न सांसद आए, न विधायक आए, अब आप हमारी मदद करो। मैं मुख्यत्यारा की रहने वाली हूं।**

**आपकी भांजी**
**अंजली**

# भारत जोड़ो यात्रा के अन्तर्गत राहुल गांधी का रात्रि विश्राम बड़वाह में होने की संभावना




**भोपाल।** मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव होने में लगभग सवा साल का समय बाकी है, लेकिन चुनाव से पहले एक बार से मध्य प्रदेश की सियासत में राहुल गांधी एक्टिव मोड पर नजर आने वाले हैं। 2018 के विधानसभा चुनाव से ठीक पहले राहुल गांधी ने मंदसौर में किसान कर्ज माफी का ऐलान कर बड़ा मास्टर स्ट्रोक लगाया था और कांग्रेस के 15 साल के वनवास को खत्म किया था। 2023 के चुनाव से पहले एक बार फिर राहुल गांधी मालवा और निमाड में पहुंचकर 24 विधानसभा सीटों को कवर करने की तैयारी में हैं। अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी ने जो प्लान तैयार किया है, उसके तहत राहुल गांधी मध्यप्रदेश में कुल 16 दिन पदयात्रा करेंगे। 25 नवंबर से राहुल गांधी की यात्रा प्रदेश में दाखिल होगी और कुल 382 किलोमीटर का रूट मैप होगा। यात्रा का प्रवेश २५ नवम्बर को बुरहानपुर से होगा और निमाड़ क्षेत्र का भ्रमण करते हुए, राहुल गांधी उज्जैन पहुंचेंगे, जहां वे महाकाल बाबा के दर्शन करेंगे। वहीं पर एक बड़ी आमसभा भी होने की संभावना है, जहां से राहुल गांधी होकर गुजरेंगे। इस रूट मेप को इस तरीके से प्लान किया गया है ताकि मालवा-निमाड़ की 25 से ज्यादा विधानसभा सीटों को कवर किया जा सके। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के प्रदेश में प्रभारी बनाए गए कांग्रेस नेता पीसी शर्मा ने कहा कि राहुल गांधी यात्रा में मालवा निमाड़ के ज्यादातर जिलों को कवर करने का प्लान है।

**बड़वाह में हो सकता है श्री राहुल गांधी का रात्रि विश्राम-** हालांकि अभी श्री राहुल गांधी का पूरा कार्यक्रम आना शेष है। लेकिन यह तय है कि 25 नवम्बर को बुरहानपुर से भारत जोड़ो यात्रा प्रदेश में प्रवेश करेगी। इस दौरान खंडवा एवं खरगोन जिले से होकर यात्रा उज्जैन की ओर गुजरेगी। कांग्रेस के सूत्रों से मिली अपुष्ट अंदरूनी जानकारी के अनुसार श्री राहुल गांधी का खरगोन जिले में रात्रि विश्राम बड़वाह में होने की संभावना है। श्री राहुल गांधी एवं उनके साथ चल रहे यात्रियों के विश्राम हेतु 3 एकड़ जमीन की तलाश की जा रही है।

श्री राहुल गांधी सीधे आम आदमी से कनेक्ट होकर 2023 के चुनाव में कांग्रेस को मजबूत करने का काम करेंगे। कांग्रेस भारत जोड़ने का काम करती है। दरअसल, राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का रूट मेप तैयार हो गया है। 3570 किलोमीटर के रूट मैप में 382 किलोमीटर का हिस्सा भी शामिल है लेकिन श्री राहुल गांधी की यात्रा ऐसे समय में प्रदेश में दाखिल होगी, प्रदेश में विधानसभा चुनाव की सरगर्मियां तेज होंगी, मतलब श्री राहुल गांधी की यात्रा के बहाने कांग्रेस, मालवा और निमाड़ में पार्टी की जड़ों को मजबूत करने की कवायद में है।

**आम लोगों को जोड़ने के लिए रजिस्ट्रेशन चालू-** इस संबंध में जब हमने कांग्रेस प्रवक्ता रागिनी नायक से चर्चा की तो उन्होंने बताया कि आम लोगों को भारत जोड़ो यात्रा से जोड़ने के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन भी किया जा रहा है, जिससे कोई भी आम नागरिक वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन कराकर जुड़ सकता है। साथ ही साथ टोल फ्री नंबर द्वारा लोगों को जानकारी एवं सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं।